



नवभारत
भोपाल, बुधवार, 11 फरवरी, 2026


## एक नजर में



### विद्यार्थियों को दी साइबर फ्रॉड की जानकारी

**आष्टा.** जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति विजय डांगी के मार्गदर्शन में प्रथम जिला न्यायाधीश महेश कुमार चौहान द्वारा अशासकीय विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग करने, साइबर सुरक्षा, यातायात संबंधित नियम, सड़क सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, बाल अधिकार बाल श्रम प्रतिषेध कानूनों की जानकारी दी गई. शिविर में संस्थापक अचल सिंह मेवाड़ा, डायरेक्टर दीपक मेवाड़ा, प्राचार्य दुर्गेश मेवाड़ा, अखलेश मेवाड़ा, मुस्कान मेवाड़ा, दीपेश मेवाड़ा आदि उपस्थित थे.



### उमंग कार्यशाला में दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**सीहोर.** शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग कार्यशाला आयोजित की गई. जिसमें किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों, संवाद कौशल तथा संवेदनशील विषयों को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से प्रस्तुत किया गया. कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डॉ. मंगलेश जायसवाल, सुनीता शर्मा, मधु शर्मा एवं नीलू शर्मा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया. इस दौरान जिले के अनेक स्कूलों के हेल्थ एवं वेलनेस एंबेसडर शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए.



### सत्यसांई विश्वविद्यालय में मनाया विश्व दलहन दिवस

**सीहोर.** मंगलवार को विश्व दलहन दिवस के अवसर पर श्री सत्य सांई विश्वविद्यालय अर्न्तगत स्कूल आफ एग्रीकल्चर द्वारा विश्व दलहन दिवस मनाया गया. कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी की प्रेरणा एवं सक्रिय सहयोग तथा स्कूल आफ एग्रीकल्चर के अधिष्ठाता डॉ. विवेक सिंह तोमर के मार्गदर्शन में छात्रों को फंदा ग्राम स्थित भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान का भ्रमण कराया गया. जहां छात्रों ने रबी मौसम में बोई जाने वाली समस्त दलहनी फसलों का अवलोकन किया. प्रक्षेत्र पर आयोजितसंगोष्ठी में छात्रों के प्रश्न का उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिया गया. संस्थान परिसर में स्थित अन्य यूनिट्स जैसे भण्डारण, ग्रेडिंग प्रक्रिया एवं अन्य कृषि उपकरणों का भी छात्रों द्वारा अवलोकन किया एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त की. छात्र भ्रमण दल के साथ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक गण विरबल कुशवाह, दीपिका नेमा, हजरा पंचोली, दीपिका मालवीय, सदीप रेकवाल आदि उपस्थित थे.



### जमोनिया तालाब पर रेस्क्यू टीमों ने की मॉकड्रिल

**सीहोर.** मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे जमोनिया तालाब के पास मौजूद लोगों में उस समय हड़कंप मच गया. जब तालाब में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना फैल गई. वहीं तालाब के दूसरे छोर पर बने एक छोटे टापू पर कुछ लोगों के फंसे होने की खबर से स्थिति और गंभीर हो गई. इस घटना की सूचना लोगों ने तत्काल प्रशासन को दी. सूचना मिलते ही कलेक्टर बालागुरू के, एसडीईआरएफ, एनडीआरएफ एवं होमगार्ड की संयुक्त रेस्क्यू टीमें तत्काल मौके पर पहुंची. डीप डाइविंग तकनीक का उपयोग करते हुए पानी में डूबे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया. वहीं टापू पर फंसे लोगों तक मोटर बोट के माध्यम से पहुंचकर उन्हें लाइफ जैकेट पहनाई गई और सुरक्षित किनारे तक लाया गया. दरअसल यह पूरा घटनाक्रम शासन के निर्देशानुसार बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित वृहद मॉक ड्रिल का हिस्सा था. इस मॉक ड्रिल में जल आपदा से निपटने की विभिन्न तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया गया.



### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के और सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिले भर से आए 50 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत और एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

# हायर सेकेंड्री वार्षिक परीक्षा की शांत शुरुआत

## जिले के 98 परीक्षा केन्द्रों पर बिना नकल हुआ अंग्रेजी का पेपर, निरीक्षण दलों ने किया सघन निरीक्षण



**सीहोर.** उत्कृष्ट स्कूल में जारी परीक्षा का निरीक्षण करने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव पहुंचीं.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 फरवरी. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंड्री परीक्षा मंगलवार से जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में प्रारंभ हो गई. पहले दिन कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के सभी विकासखंडों में बनाए गए 98 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई.परीक्षा के दौरान एक भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं होना प्रशासन और शिक्षा विभाग के लिए बड़ी राहत और उपलब्धि माना जा रहा है.**

- मंगलवार से माशिंम की वार्षिक परीक्षाओं का श्रीगणेश
- 16 हजार 83 परीक्षार्थियों में से 15 हजार 892 ने दी परीक्षा

मंगलवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल की वार्षिक परीक्षाओं की शुरुआत हो गई है. परीक्षा के पहले दिन कक्षा बारहवीं के अंग्रेजी विषय का पेपर देने बच्चे परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे. परीक्षा केन्द्र जाने से पहले बच्चों ने अपने घरों के मंदिरों में मत्था टेककर पेपर अच्छा जाने की प्रार्थना की. इसके बाद परिजनों अथवा दोस्तों के साथ परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे. इस दौरान परीक्षार्थी वहां लगे सूचना पटल पर अपने रोल नंबर के आधार पर कक्ष की जानकारी लेते देखे गए. परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात था और बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध था. परीक्षा केन्द्र के बाहर भी लोगों को भीड़ जमा करने से मना किया जा रहा था.

वार्षिक परीक्षा के पहले दिन जिले में पंजीकृत कुल 16,083 परीक्षार्थियों में से 15,892 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी, जबकि 191 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं गोपनीयता के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे, जिसके चलते जिले में परीक्षा व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई. जिला स्तरीय निरीक्षण दल के अंतर्गत डीईओ संजय सिंह तोमर ने शासकीय उमावि श्यामपुर, आशा एव्ही कॉन्वेंट श्यामपुर, शासकीय बालक उमावि दोराहा एवं शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 का निरीक्षण कियाः वहीं विकासखंड स्तरीय दलों ने अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया. सभी स्थानों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक और सुव्यवस्थित पाई गईं.

### टाट-पट्टी पर बैठकर परीक्षा दे रहे थे परीक्षार्थी

मंगलवार से प्रारंभ हुई माशिंम की वार्षिक परीक्षाओं के पहले ही दिन अव्यवस्था भी देखने को मिली. शहर के राधाकृष्ण सरस्वती शिशु मंदिर में बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को टेबल- कुर्सी के अभाव में टाट- पट्टी पर बैठकर परीक्षा देने को बाध्य होना पड़ा. इस दौरान वह काफी परेशान होते रहे. सर्वाधिक दिक्कत उन परीक्षार्थियों को हुई जो तख्ती लेकर नहीं आए थे. इस मामले की जानकारी जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सर्जना यादव को मिली तो उन्होंने वहां के केन्द्राध्यक्ष शंकरलाल पंवार को तुरंत वहां से हटाने और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर को दिए. परीक्षा केन्द्र पर इस गंभीर अव्यवस्था को लेकर परीक्षार्थियों में भी आक्रोश का माहौल बना हुआ था.

### विकासखंडवार उपस्थिति की स्थिति

हायर सेकेंड्री परीक्षा में जिले में कुल 16083 परिक्षार्थी दर्ज थे. जिनमें से 15892 परिक्षार्थियों ने परीक्षा दी. वहीं 191 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए.

सीहोर- 5582 में से 5527 उपस्थित, 55 अनुपस्थित
इछावर- 1494 में से 1475 उपस्थित, 19 अनुपस्थित
बुधनी- 1736 में से 1712 उपस्थित, 24 अनुपस्थित
भैरुंदा- 2453 में से 2413 उपस्थित, 40 अनुपस्थित
आष्टा- 4818 में से 4765 उपस्थित, 53 अनुपस्थित

### सीईओ ने परीक्षार्थियों का बढ़ाया मनोबल

जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 का निरीक्षण कर परीक्षा प्रारंभ से जुड़ी समस्त कार्यवाही का अवलोकन किया. उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें भयमुक्त और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया. परीक्षा के पहले दिन सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों ने निर्धारित थानों से कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में प्रश्नपत्र प्राप्त किए और सुरक्षित रूप से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया। पूरी प्रक्रिया की जानकारी एप के माध्यम से बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड की गई.जिला स्तरीय निरीक्षण दल के अंतर्गत डीईओ संजय सिंह तोमर ने शासकीय उमावि श्यामपुर, आशा एव्ही कॉन्वेंट श्यामपुर, शासकीय बालक उमावि दोराहा एवं शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 का निरीक्षण किया.

## खनन करते पकड़ी जेसीबी व पोकलेन



**बुधनी.** जिले की प्रमुख नर्मदा नदी में अवैध खनन और परिवहन से शासन प्रशासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि प्रतिमाह हो रही है. खनिज माफिया धड़ल्ले से नर्मदा का सीना छलनी करने से बाज नहीं आ रहा है. संबंधितों की मिलीभगत के चलते खनिज संपदा का अवैध दोहन और परिवहन रोकने के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला. एक बार फिर कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में बुधनी एवं रेहटी क्षेत्र अंतर्गत खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन करते हुए पोकलेन एवं जेसीबी मशीन जब्त की गई है. जिसे शाहगंज थाने में खड़ा किया गया है. इसी प्रकार टीम द्वारा रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक टेक्टर-ट्राली जब्त कर इछावर थाने भेजा गया तथा मुरम का अवैध परिवहन करते हुए पाए गए एक डम्पर जब्त कर रेहटी थाना में खड़ा किया गया. जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद चौहान बताया कि सभी वाहनों पर खनिज नियमों एवं प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है. देखना है कि धरपकड़ मुहिम कब तक जारी रहती है.

## कई सालों से नहीं हुई नालियों की सफाई

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 फरवरी.** ग्राम नापलाखेड़ी के ग्रामीणों का कूढ़ा कचरा गंदगी से जीना मुश्किल हो गया है. वर्षों से नालियों की सफाई नहीं कराई गई है. नालियों का गंदा पानी निकलकर गांव की कच्ची सड़कों पर बहा रहा है.

मंगलवार को जनसुनवाई में ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव द्वारा इस मामले में बरती जा रही लापरवाही से भी प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया है. ग्राम नापलाखेड़ी के दुर्गा प्रसाद वर्मा, नीतू बाई, घनश्याम आदि ने बताया कि कीचड़ गदंगी के कारण घर आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा



है. बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. पूरे गांव में अस्वच्छता का माहौल बना हुआ है. स्वच्छता का पूरा काम केवल कागजों पर ही ग्राम पंचायत कर रही है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके पर कर्मचारियों की टीम भेजकर शिकायत की जांच कराने व साफ सफाई कराई जाने के लिए सरपंच-सचिव को आदेश देने की मांग की है.

## बिजली चोरी पकड़ने गई टीम के सामने तोड़ा मीटर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 फरवरी.** बिजली चोरी के मामले की जांच करने पहुंचे विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को देख उपभोक्ता इतना भड़क गया कि उसने स्मार्ट मीटर पर डंडे से ताबड़तोड़ वार करते हुए तोड़ डाला. इतने पर भी उसका आक्रोश शांत नहीं हुआ तो उसने सर्विस लाइन भी खींचकर फैंक दी. इस मामले में कंपनी के सहायक यंत्री अतुलेश सिंह द्वारा पुलिस को आवेदन दिया गया है.

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के यहां लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर ने उपभोक्ताओं की जेब पर वजन डाल दिया है तो

- कस्बा क्षेत्र के जमशेदनगर में युवक ने तोड़ा स्मार्ट मीटर
- सहायक यंत्री ने कोतवाली में दिया शिकायती आवेदन

अब स्मार्ट मीटर की बदौलत बिजली चोरी की धरपकड़ भी आसानी से होने लगी है. ऐसा ही एक मामला मंगलवार को जमशेद नगर में देखने को मिला. विद्युत वितरण कंपनी शहर में लगातार स्मार्ट मीटर लगा रही है। इन मीटरों से छेड़छाड़ और बिजली चोरी की सटीक जानकारी कंपनी को मिल रही है. जोन-1 के एई अतुलेश सिंह अपनी टीम के साथ



मंगलवार को कस्बा क्षेत्र स्थित जमशेद नगर पहुंचे थे. टीम ने जाहिर नामक व्यक्ति के घर बिजली चोरी पकड़ी. चोरी पकड़े जाने पर वहां मौजूद जुनैद नामक व्यक्ति भड़क गया. उसने स्मार्ट मीटर में तोड़फोड़ कर उसे और सर्विस लाइन को उखाड़कर फेंक दिया. उसने कहा कि मीटर अभी उखाड़कर ले जाओ. एई अतुलेश सिंह ने कोतवाली पहुंचकर मामले की लिखित सूचना दी है.

## कार में लगी आग, कूद कर बचाई जान

- मंगलवार की दोपहर नादान घाट के समीप हुआ हादसा
- फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक कार पूरी तरह हुई स्वाहा

नवभारत न्यूज

**इछावर 10 फरवरी.** मंगलवार को भैरूंदा मार्ग स्थित नादान घाट पर उस वक्त बड़ा हादसा टल गया जब तेज रफ्तार कार में अचानक आग लग गई. चालक ने आनन- फानन में कार रोकी और उसमें सवार लोगों ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई. हादसे में कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई है.

इछावर भेरुंदा मार्ग स्थित नादान घाट पर मंगलवार दोपहर



एक चलती कार में अचानक आग लग गई. कार में सवार लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई. आग लगने के बाद कार सवार लोगों ने तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. हालांकि, फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन टीम के विलंब से पहुंचने के कारण कार को काफी नुकसान हुआ है. आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है. घटना के बाद मार्ग पर दोनों ओर से आ रहे वाहन रुक गए थे. यह भी ज्ञात नहीं हो पाया है कि कार में कौन लोग सवार थे.

## संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

**आष्टा 10 फरवरी.** थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बागैर में बापचा नाले में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. है मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी.

जानकारी के अनुसार ग्राम बागैर में बापचा नाले में 30 से 35 वर्ष के युवक का शव पड़ा हुआ था. ग्रामीणों द्वारा वायरल वीडियो के हिसाब से युवक के बाएं कान के नीचे घाव का निशान, मुंह से जीभ का फटा हुआ हिस्सा दाई तरफ आंख का हिस्सा दबा होना, कलाई पर घाव दिखाई दी रहे हैं. वहीं पुलिस द्वारा मीडिया को कवरेज से रोका गया है. जो



संदिग्धता उत्पन्न करता है. आखिर जिसे जहरीला पदार्थ कहा जा रहा है तो वीडियोग्राफी क्यों प्रतिबंधित की गई. जब इस विषय मे थाना प्रभारी से चर्चा की गई तो उन्होंने जहर का हवाला दिया और कहा कि घटनास्थल पर चूहा मार दवाई का रेपर मिला है जिससे यह आत्महत्या का मामला लगता है किंतु कवरेज नहीं करने देना मीडिया की स्वतंत्रता पर सवाल पैदा करता है.


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है पूर्व में मेरा नाम Mehboob khan S/O Munir Khan था जिसे बदलकर Mehboob Kha S/O Munir Khan कर दिया गया है मुझे Mehboob Kha S/O Munir Khan नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी आनंद डेरी के सामने, आष्टा रोड़, छावनी सीहोर मध्य प्रदेश तहसील जिला सीहोर थाना कोतवाली सीहोर (मध्यप्रदेश)


## कानून व्यवस्था बनाए रखने लगाई ड्यूटी

**सीहोर.** कुबेरेश्वर धाम पर 14 से 20 फरवरी तक रुद्राक्ष महोत्सव एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है. कलेक्टर बालागुरू के द्वारा कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए 12 से 20 फरवरी तक अधिकारियों की कार्यपालिक दंडाधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है. एसडीएम तन्मय वर्मा और डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड को संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है. संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, तहसीलदार सौरभ शर्मा को आयोजन स्थल की संपूर्ण व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है. इसके अलावा तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और जिला अधिकारियों के अलग-अलग ड्यूटी स्थल निर्धारित कर शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है.

**विवाह सम्मेलन** कलचुरी समाज के विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 23 जोड़े

## सामूहिक विवाह सम्मेलन सभी समाज के लिए जरूरी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 फरवरी.** स्थानीय अल्लाहदाखेड़ी स्टेडियम में कलचुरी समाज के 13 वें निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 जोड़ों ने सात फेरे लिए. सम्मेलन में जिले व प्रदेश के अलावा अन्य राज्य के भी जोड़े शामिल हुए. समाज के स्वजातीय बंधुओं के बीच 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे. सम्मेलन विधि विधान से नगर पुरोहित पं. पृथ्वी बल्लभ दुबे एवं ब्राह्मणों द्वारा संपन्न कराया गया.

सम्मेलन में विधायक सुदेश राय ने कहा कि सभी जाति सभी समाज द्वारा नि:शुल्क विवाह स मेलन होना चाहिए. वहीं




समाजसेवी अखिलेश राय ने कहा कि समाज की एक जुटता किसी भी पुनीत कार्य को सफलता प्रदान करा सकती है. कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया. इस अवसर पर वरिष्ठजन, पार्षद एवं पत्रकारों का स मान भी किया गया. जिसमें आत्माराम जायसवाल, प्रेम नारायण जायसवाल, तुलसी राम काका, प्रदीप गौतम, मुकेश मेवाड़ा, नरेंद्र राजपूत, राहुल राय, कमल राय, प्रेमराय, रजनी राय आदि स मलित हैं. इस अवसर पर उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद राय, सचिव निलेश राय, समाजसेवी सुदर्शन राय, मोरसिंह जायसवाल, कुमेर सिंह जायसवाल, सुरेश राय, रमेश राय, मोहन राय, हरीश राय, राजेश राय पटेल, शिव राय, राकेश राय, पुरुषोत्तम राय, भैरुसिंह जायसवाल, रामचंद्र वर्मा, लाड़सिंह राय, किशोर भगत, मनीष राय, राजेंद्र गुरगेला, सतीश राय, अशोक जायसवाल, राजेश जायसवाल, दीपक जायसवाल, बृज किशोर राय, गेंदालाल राय आदि उपस्थित थे.


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आवास फाइनेंशियेर्स लि. की ओर से सुनीता जोशी पत्नि ब्रज किशोर निवासी, ब्रह्मपुरी कॉलोनी सीहोर तहसील व जिला सीहोर के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नंबर 96,97,98 का भाग कुल क्षेत्रफल 1125 वर्गफीट प.ह.न.37 स्थित ग्राम बढ़ियाखेड़ी तहसील व जिला सीहोर में है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूर्व में 20 फिट का रास्ता पश्चिम में विक्रेता की शेष भूमि उत्तर में विक्रेता की शेष भूमि दक्षिण में विक्रेता की शेष भूमि उक्त प्लाट को क्रेता सुनीता जोशी पत्नि ब्रज किशोर जोशी निवासी ब्रह्मपुरी कॉलोनी तहसील व जिला सीहोर ने विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक एमपी 350372023ए12691395 दिनांक 21/12/2023 को विधिवत उप पंजीयक कार्यालय सीहोर के माध्यम से विक्रेता रीना तिवारी पत्नि अनिल तिवारी निवासी कोलीपुरा, सीहोर क्रय किया था जिसका पूर्व सम्बन्धित मूल पंजीयन विक्रय पत्र नं. एमपी 350372020ए1547226 दिनांक 04/09/2020 जो की विक्रेता राहुल विश्वकर्मा पिता प्रेमनारायण निवासी सीहोर से क्रेता रीना तिवारी पत्नि अनिल तिवारी निवासी कोलीपुरा, सीहोर से कराया था उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति सुनीता जोशी पत्नि ब्रज किशोर से कहीं सीहोर में गुम हो गयी है जो की काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला है जिसकी सूचना थाना कोतवाली सीहोर को दे दी गयीं है यह की उक्त संव्यवहार के सम्बन्ध में किसी निजी / शासकीय बैंक/वित्तीय संस्था या अन्य कोई/किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रख ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे। समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी न ही मेरे पक्षकार पर बधनकारी होगी।

**रवीश कुमार सोनी**
**जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सीहोर**
**मोबाईल नंबर 9926390600**